Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Liquor Tragedy in Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): सभापति महोदय, बिहार सरकार की गलत शराब नीति के कारण जहरीली शराब पीने से सारण जिले के मशरक, इसुआपुर और अन्य प्रखंडों में सैकड़ों लोग मर गए हैं । सरकार उन्हें मुआवजा देने की जगह खिल्ली उड़ा रही है और सही आंकड़े न आए, इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है । वहां का आरक्षी अधीक्षक लगातार साक्ष्य मिटाने में लगा हुआ है ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग कर रहा हूं कि बिहार में गलत शराब नीति के कारण जो लोग मरे हैं, उन सब को मुआवजा दिया जाए । वहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय श्रम कल्याण आयोग के साथ एक बड़ी उच्च स्तरीय टीम भेज कर इसकी जाँच कराई जाए, जिससे सही आंकड़े भी आ सके ।… (व्यवधान) सभापति महोदय, यह होना आवश्यक है । … (व्यवधान)